36. शास्त्रीनगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री हॉकी स्टेडियम (हॉकी ग्राउण्ड व नेट प्रेक्टिस एरिया) रूम की समस्त सुरक्षा एवं रख–रखाव तथा साफ–सफाई का दायित्व आवंटी/एजेन्सी का होगा।

37. शास्त्रीनगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री हॉकी स्टेडियम (हॉकी ग्राउण्ड व नेट प्रेक्टिस एरिया) तीन वर्ष के लिए आवंटी/एजेन्सी को प्राधिकरण की नियम शर्तो पर दिया जायेगा, उसके बाद पुनः दोनो पक्षो की सहमति से समय अवधि बढाए जाने की दशा में पुनः अनुज्ञप्ति विलेख निष्पादित कराना होगा।

38. यह कि उपरोक्त हॉकी स्टेडियम परिसर में हथियार सहित प्रवेश वर्जित होगा।

39. प्राधिकरण को स्थल की जब भी आवश्यकता होगी, तभी सूचना के अनुसार स्थल उपलब्ध कराना होगा।

40. शास्त्रीनगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री हॉकी स्टेडियम (हॉकी ग्राउण्ड व नेट प्रेक्टिस एरिया) का उपयोग क्रिकेट गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य किसी कार्यक्रमो के लिए नहीं किया जायेगा।

41. क्रीडा स्थल पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने का दायित्व अनुज्ञप्तिगृहिता/संस्था का होगा।

42. उपरोक्त शर्तो में से किसी भी एक शर्त का उल्लंघन होने की दशा में जमा धनराशि को जब्त करते हुये अनुज्ञप्ति निरस्त कर दिया जायेगा तथा लाल बहादुर शास्त्री हॉकी स्टेडियम (हॉकी ग्राउण्ड व नेट प्रेक्टिस एरिया) स्थल संचालन हेतु पुनः नई एजेन्सी के चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। ऐसी दशा में अनुज्ञप्तिगृहिता को कोई क्षतिपूर्ति व मुआवजा नहीं दिया जायेगा।

43. सम्पूर्ण परिसर की सुरक्षा हेतु अनुज्ञप्ति द्वारा सुरक्षा कर्मियों (एक दिन में एक रात में) कुल दो गार्ड नियमित रूप से तैनात करने होंगे जिसका व्यय भार अनुज्ञप्तिगृहिता द्वारा स्वयं ग्रहण करना होगा।

44. हॉकी स्टेडियम के संचालन हेतु सक्षम इच्छुक कोच/संस्थान/एसोसियेशन एवं समूह नीलामी/निविदा में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह होगें।

45. यह कि अनुज्ञप्ति अवधि के दौरान यदि किसी कर्मचारी/खिलाड़ी के साथ कोई दुर्घटना होती है, उसके लिए प्राधिकरण उत्तरदायी नहीं होगा।

46. संचालनकर्ता को कोविड–19 की गाईड लाइन्स का पालन करना होगा तथा स्थल पर सेनेटाईजर की व्यवस्था रखनी होगी, पर्याप्त दूरी रखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को मास्क लगाना अनिवार्य होगा।

(तालिका विवरण)

| क्र॰ सं॰ | स्थल का नाम | स्थलों की संख्या | अवधि | आरक्षित किराया दर (एक वर्ष हेतु ₹) | धरोहर राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
| 1 | शास्त्रीनगर योजना में लाल बहादुर हॉकी स्टेडियम (हॉकी ग्राउण्ड व नेट प्रेक्टिस एरिया स्थल) | 01 | 03 वर्ष | 1,00,000.00 | 1,00,000.00 |

प्रभारी व्यवसायिक
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
गाजियाबाद

